NEWS / फटाफट

## हादसों में दो घायल

**रामनगर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार की सुबह खताड़ी निवासी मुर्सलीम बाजार किसी कार्य से गया था इसी बीच अज्ञात वाहन के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना में इसी इलाके का रउफ बाइक से भवानीगंज की ओर से अपने घर जा रहा था तभी रानीखेत रोड पर अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक पर टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। दुर्घटना के दोनों घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दर्जनों वाहनों का चालान, दो बाइक सीज

**रामनगर।** यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाते हुये 18 वाहनों का चालान कर दो बाइकें सीज कर दी। कोतवाली के एसएसआई कविंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस ने पीरूमदारा व कोसी बैराज क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 18 वाहन चालकों का चालान करते हुये 1800 रुपये का जुर्माना वसूलने के साथ ही दो बाइकें सीज कर दी।

## मारपीट का आरोप

**रामनगर।** पुरानी रंजिश को लेकर तीन भाइयों द्वारा एक युवक के साथ गाली-गलौंच कर मारपीट करने के मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। मोहल्ला खताड़ी निवासी अनीस खान पुत्र कदीर खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह वह स्कूटी से बाजार जा रहा था तभी रास्ते में खताड़ी निवासी भज्जी व उसके दो भाइयों ने उसे रोककर गाली-गलौंच कर मारपीट करते हुये उससे 50 हजार रुपये की मांग की तथा पैसे न देने पर उसकी स्कूटी छीनने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में एसएसआई कविंद्र शर्मा ने बताया कि जांच के उपरांत आरोप सही पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## मकान निर्माण के विवाद में दो के खिलाफ मुकदमा

**रामनगर।** मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुये विवाद के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलार रोड गूलरघट्टी निवासी रईस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई लईक अहमद जबरन मकान निर्माण का कार्य करवा रहा है उसके मना करने पर लईक द्वारा उसके साथ गाली-गलौंच कर मारपीट करते हुये उस पर पाटल से हमला कर घायल कर दिया गया। मामले में पुलिस ने लईक व गुंजन के खिलाफ धारा 323, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गणेश महोत्सव में रासलीला का शानदार मंचन

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच के तत्वावधान में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को रासलीला में भगवान श्री कृष्ण के जमुना में कालिया नाग आदि लीलाओं का शानदार मंचन किया गया। इस बीच श्री ललित कला मंडल व श्री धाम वृंदावन मथुरा के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मंच के संस्थापक पंकज वार्ष्णेय ने बताया कि सोमवार प्रातः रामलीला में सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ का मंचन किया जाएगा। शाम को राम बारात व राम विवाह का मंचन होगा। इस मौके पर संरक्षक गणेश प्रसाद साहू, गोविंद सिंह, भुवन भट्ट, पंकज पांडे, मंगल सिंह जीना, अवध बिहारी साहू समेत तमाम लोग मौजूद थे।

आक्रोश / रात में हमला करने के बाद व्यापारी गंभीर घायल, हायर सेंटर रेफर

# व्यापारियों ने कराया बाजार बंद, कोतवाली घेरी

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

**नैनीताल।** बीती रात यहां मल्लीताल फ्रूट मार्केट में एक सब्जी व्यापारी व उसके साथियों पर भाजपा से जुड़े रवि कन्याल ने अपने साथियों के साथ धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में व्यापारी अनुज साह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हमले की सूचना मिलते ही रात ही व्यापारी अस्पताल में जमा हो गये। रविवार को गुस्साये व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर कोतवाली घेर ली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन नेगी के नेतृत्व में प्रर्दशन के दौरान व्यापारियों ने रवि कन्याल को तड़ीपार भेजने जैसी मांग उठाई। इस दौरान कोतवाली में सीओ विजय थापा भी पहुंच गये उन्होंने व्यापारियों को समझाने की कोशिश की लेकिन व्यापारी नारेबाजी करते रहे। मौके पर एएसपी हरीश सती के पहुंचने पर व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो सोमवार को पूरा नैनीताल बंद रखा जायेगा। नंदा मेले में भी बाजार नहीं खुलने देंगे। इधर मामले में अनुज साह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 279, 326, 147, 188 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नैनीताल में व्यापारी पर हमले के बाद मल्लीताल में बंद बाजार, व्यापारी पर हमले के बाद कोतवाली घेर नारेबाजी करते व्यापारी तथा व्यापारी पर हमले के बाद मल्लीताल में व्यापारियों को समझाते सीओ विजय थापा।

### बवाल

- भाजपा के खिलाफ की नारेबाजी, नैनीताल बंद की चेतावनी

व्यापारी अनुज साह की ओर से कोतवाली में तहरीर भी दे दी गई है। घायल व्यापारी अनुज साह की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती रात 10.30 बजे वह बोट हाउस क्लब से निकल कर सड़क पर आ रहे थे तो एक कार ने उसे व उसके साथी प्रदुम्न साह को टक्कर मार कर कुचलने की कोशिश की। इस टक्कर से उसे चोट भी पहुंची। चिल्लाने पर कार रूक गई। इसके बाद कार से रवि कन्याल सहित दो तीन लोग उतरे तो उन्होंने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। इस हमले से उसकी उंगली भी कट गई और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। तहरीर में कहा गया कि इन हमलावरों में रवि कन्याल, हिमांशु खड़ायत, अभय बवाड़ी, पंकज, करन दमाई व पवन कन्याल शामिल थे। इस हमले में घायल दोनों को रात में बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया जहां अनुज साह की गंभीर हालत देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। बताया जा रहा है उसे दिल्ली ले जाने की तैयारी की जा रही है। हमले की सूचना मिलते ही व्यापारियों में रोष छा गया। रविवार को मल्लीताल में गुस्साये व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर कोतवाली घेर ली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष भुवन साह सहित सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये और उन्होंने भी इसका समर्थन किया।

प्रर्दशन करने वालों में विक्की वर्मा, प्रदीप दुम्का, गिरीश जोशी मक्खन, त्रिभुवन फर्त्याल, जगदीश बवाड़ी, शाकिर अली, मनोज साह, नरेन्द्र गुप्ता, फिरोज सिद्दीकी, गिरीश कांडपाल, अनूप शाही, कैलाश मिश्रा, शानू शाह, राजेन्द्र व्यास, कैलाश अधिकारी, पारस साह सहित सैंकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

### भाजयुमो नेता कन्याल ने भी दी तहरीर

**नैनीताल।** मामले में भाजयुमो नेता रवि कन्याल ने भी कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि व्यापारी पुत्रों ने भी उन पर उस वक्त हमला किया जब वह खाना खाने के बाद माल रोड स्थित अपने घर को जा रहे थे। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में जिस वक्त व्यापारियों ने अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रदर्शन शुरू किया तो वह काफी गुस्से में दिखे। व्यापारियों का कहना था कि रवि कन्याल व अभय बवाड़ी को पुलिस ने खुली छूट दी है जिसके चलते वह लंबे समय में नगर में गुंडागर्दी करते आ रहे हैं।

## राजपुरा की समस्याओं का हो निस्तारण

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया गया। इस बीच स्थानीय लोगों की बैठक में सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि समस्यायें उठाई गईं। इस दौरान कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर नाली व पुलिया निर्माण कराने पर जोर दिया। साहू ने कहा कि जल्द ही जन समस्याओं के निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में कुंदन प्रधान, सूरज कुमार, संतराम, सुनीता देवी, उत्तम कुमार, साहिल राज आदि मौजूद थे।

## दिल्ली से लौट रही रोडवेज बस ट्रक से भिड़ी

### परिचालक समेत 30 यात्रियों को आई चोटें, बेलबाबा के पास हादसा

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

**हल्द्वानी।** काठगोदाम डिपो की रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ी। दिल्ली से लौट रही इस बस में 30 यात्री सवार थे। हादसे में परिचालक समेत लगभग सभी यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। इनमें से चार यात्रियों का बेस अस्पताल में उपचार कराया गया।

काठगोदाम डिपो की बस यूके07पीए 3185 दिल्ली से लौट रही थी कि रविवार की सुबह बेलबाबा के निकट टांडा जंगल में ट्रक से जा भिड़ी। बताया गया कि बस के आगे चल रहे ट्रक के एकाएक ब्रेक लगाने के कारण हादसा हुआ।

हादसे में परिचालक मनोहर सिंह समेत यात्री चोटिल हो गये। हालांकि चालक वीरेंद्र राम बाल-बाल बच गया। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। बाद में क्रेन की मदद से बस को वर्कशॉप पहुंचाया गया। रोडवेज से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों को हल्की चोटें आई थी जबकि परिचालक मनोहर ज्यादा चोटिल हुए थे।

इधर डिपो एआरएम देशराज अंबेडकर ने बताया कि हादसे की जानकारी तो है लेकिन कितने घायल हुए यह उन्हें नहीं पता।

### काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो की बसें हुई लेट

**हल्द्वानी।** काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो में ऑनलाइन सिस्टम फेल होने के कारण रूटों पर जाने वाली बसें लेट हुईं। बताया गया कि दिल्ली से संचालित इस सिस्टम के फेल होने के कारण परिचालक को मैनुअल टिकट देकर रूट पर भेजा जा सका। इसके चलते रोडवेज कर्मी दिन भर खासे परेशान रहे।

## पर्यटन विकास को सरकार प्रयासरत : महाराज

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

**रामनगर।** प्रदेश के सिंचाई व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के रामनगर पहली बार आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की।शनिवार की देर रात कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार रामनगर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोनिवि विश्राम गृह में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का जोरदार स्वागत किया। पत्रकार वार्ता के दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है पर्यटन को बढ़ावा देने को उन्होंने कुमाऊं में आठ धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर पर्यटन स्थल बनाने को कहा। जिसमें रामनगर का गर्जिया देवी मंदिर और पूर्णागिरी मंदिर आदि प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक हैं। कहा कि रामनगर और नैनीताल के बीच आने-जाने को एक बड़े प्रोजेक्ट के तहत रोपवे की व्यवस्था की जायेगी इसका केंद्र रामनगर और नैनीताल के बीच होगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अशोक गुप्ता, नवीन करगेती, भावना भट्ट, भूपेंद्र खाती, राकेश नैनवाल, पूरन नैनवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नवीन स्कूल गेम्स फेडरेशन टीम के कोच नियुक्त

**रामनगर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राजकीय इंटर कालेज छोई के व्यायाम शिक्षक नवीन चंद्र जोशी को दुबई (यूएई) में आयोजित होने वाली आईजेपीएल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की टीम का कोच नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक दुबई में आयोजित होगी। जोशी इससे पूर्व वर्ष 2011 से राष्ट्रीय स्कूली खेलों की प्रतियोगिताओं में अंडर 19, 17, 14 बालक-बालिका मुम्बई, चंडीगढ़, ग्वालियर, इंदौर आदि स्थानों पर अम्पयरिंग का दायित्व निभा चुके हैं तथा वह राष्ट्रीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिताओं हेतु उत्तराखंड के एक मात्र चयनित अम्पायर हैं। डीईओ कमलेश गुप्ता, जिला खेल समन्वयक राहुल पवार, चंचल बसेड़ा, अनिल लोहनी, कृष्णानंद पपनै, अरविंद चौधरी, जितेंद्र बिष्ट आदि ने बधाई दी।

## मुखानी फीडर की बत्ती ढाई घंटा गुल

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

**हल्द्वानी।** काठगोदाम बिजलीघर से जुड़े मुखानी फीडर की आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। केबिल बॉक्स फटने के कारण आपूर्ति भंग हुई थी। करीब ढाई घंटा बाद आपूर्ति बहाल हो पाई।

मुखानी फीडर से जुड़े क्षेत्र की रविवार की शाम 5.30 बजे बत्ती गुल हो गई इससे हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए। इसमें सबसे अधिक नहर कवरिंग के आसपास वाला क्षेत्र प्रभावित रहा। करीब ढाई घंटे बाद आपूर्ति बहाल हो पाई। वहीं सुभाषनगर बिजलीघर से जुड़े नवाबी रोड फीडर के कुछ हिस्सों की आपूर्ति भी रविवार सुबह से लेकर अपराह्न तक ठप रही। एसडीओ अजय भारद्वाज ने बताया कि जर्जर पोल बदलने के लिए कुछ क्षेत्र की लाइन बंद की गई थी। इस दौरान दो पोल बदले गये। वहीं टीपीनगर बिजलीघर से जुड़े बेलबाबा फीडर में भी फॉल्ट के चलते आपूर्ति बाधित रही। डहरिया क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।



### ट्रांसफार्मर फुंकने से नहीं चला ट्यूबवेल

**हल्द्वानी।** जल संस्थान परिसर में लगा ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण टयूबवेल से आपूर्ति ठप पड़ी है। इसके चलते मुख्य लाइनों की सप्लाई व टैंकरों को पानी उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान के अधिकारियों के अनुसार बिजली विभाग के अफसरों से संपर्क किया गया है। इस हफ्ते ट्रांसफार्मर दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## एनसीसी कैडट्स को दिया शस्त्र प्रशिक्षण

**रामनगर।** 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल राकेश थपलियाल के निर्देशन में एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज रामनगर और राइंका रामनगर के 160 एनसीसी कैडेट्स ने रानीबाग हल्द्वानी में शस्त्र प्रशिक्षण प्राप्त किया साथ ही फायरिंग का अभ्यास किया। इस दौरान कैडेट्स ने जाना कि 22 रायफल ओर 5 डीलक्स रायफल क्या होती है और किस प्रकार फायरिंग की जाती है। आरिस सिद्दीकी, पीयूष सती, कौशल, परवेज, वसीम सैफी, ज्योत्सना, स्नेहा आदि ने 2.5 सेमी से 3.5 सेमी का ग्रुप बनाया। इस दौरान कर्नल राकेश थपलियाल ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें एनसीसी का जीवन में महत्व व आत्मरक्षा के गुण सिखाये। एमपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय चौहान ने कैडेट्स को रानीबाग हेतु बसों द्वारा रवाना किया। फायरिंग में राइंका के लेफ्टि. पंकज नेगी, चंद्रशेखर मिश्रा, ऑफिसर जफर अली ने प्रतिभाग किया। बटालियन के ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार महेंद्र सिंह, हवलदार विरेंद्र, हवलदार हयात सिंह ने कैडेट्स को पांच-पांच राउंड फायरिंग करायी।

कार्यक्रम / जन चेतना व मौलिक अधिकारों पर कार्यशाला

# विकास को भ्रष्टाचार का विनाश जरूरी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**रामनगर।** ह्यूमन राइट्स एण्ड एंटी करप्शन एसोसिएशन की उत्तराखण्ड इकाई के तत्वावधान में 'जनचेतना व मौलिक अधिकारों की जानकारी व जगरूकता' विषय पर पुष्पक जूनियर हाईस्कूल दुर्गापुरी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने जनता को मानवाधिकार की जानकारी से लैस करने व उनके अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति पूरी जानकारी होने के साथ ही उन अधिकारों की रक्षा के प्रति सचेत किया जाये। कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने लोगों को संवैधानिक ढांचे के अंदर रहकर भी अपने अधिकार प्राप्त करने का ज्ञान देते हुये संस्था के कार्यों की रूपरेखा से अवगत कराया। इस दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई की जरूरत बताते हुये वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार का खात्मा करके ही देश का विकास किया जा सकता है। उन्होंने जनता से भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में योगदान की अपील भी की।

कार्यशाला की अध्यक्षता देवकी नन्दन भट्ट व संचालन अरविन्द चौधरी ने किया। इस दौरान गोपाल भट्ट, उपाध्यक्ष शान्ति जीना, राजेन्द्र नगरकोटी, कमल सनवाल, कल्पना रावत, जीवन पाण्डे, देवेन्द्र बिष्ट, तारा सती, एसडी उपाध्याय, जीएस बिष्ट, सुरेशचन्द्र टम्टा आदि ने विचार रखे।

कार्यशाला में बोलते प्रदेश अध्यक्ष डीएन भट्ट। उत्तरांचल दीप

### प्रथम पृष्ठ के शेष....

**2024 से लोकसभा व...**
या सरकार यह नहीं कर सकती। हम सबको मिल कर एक रास्ता खोजना होगा।' उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर पर हुई चर्चा का लोकसभा में जवाब देते हुए कहा था कि अक्सर चुनाव होते हैं और इस पर बड़ी राशि खर्च होती है। मोदी ने कहा था कि वर्ष 2009 में लोकसभा चुनाव पर 1,100 करोड़ रुपये खर्च हुए और वर्ष 2014 में यह खर्च बढ़ कर चार हजार करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा था कि बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हैं। यह सिलसिला जारी रहने पर शिक्षा के क्षेत्र को अधिकतम नुकसान होता है। मोदी ने कहा था कि सुरक्षा बलों को भी चुनाव कार्य में लगाना पड़ता है जबकि देश के दुश्मन देश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं और आतंकवादी बड़ा खतरा बने हुए हैं।

**एक हजार नकद...**
उससे संपर्क किया तो उसने कहा कि वह डेरा के अनुयायियों के साथ पंचकूला जा रही है। वो रास्ते में है। तो हमें पता चला (बातचीत के दौरान) कि डेरा ने उन्हें भाड़े पर रखा है। हिसार जिले के अपने गांव में एक सरकारी डॉक्टर ने बताया,' कुछ इलाकों में घोषणा की गई थी कि जो भी डेरा के अनुयायियों के साथ आएगा, उसे 1000 रुपये रोज भुगतान दिया जाएगा। यहां पहुंचने के बाद उन्हें अच्छा भोजन दिया जाएगा। डॉक्टर ने दावा किया कि उनके गांव की 100 से ज्यादा महिलाएं डेरा के अनुयायियों के साथ थीं। हालांकि, डेरा के एक प्रवक्ता ने इन बातों से इनकार किया है। उन्होंने कहा, लोग अपनी इच्छा और अपने साधनों के जरिए आए थे।

**डेरा समर्थकों की...**
बनाने लगे। ताजा वीडियो ऐसी ही एक इमारत का है। वीडियो में नजर आ रहा है कि भारी संख्या में इस बिल्डिंग के बाहर गुरमीत के गुंडे मौजूद हैं। किसी हाथ में लाठी है, किसी के हाथ में हॉकी तो किसी के हाथ में पत्थर तो किसी के पास धारदार हथियार। पहले दो युवक बंद गेट को जबरदस्ती खोलते हैं, फिर अचानक बड़ी संख्या में उपद्रवी बिल्डिंग में घुस जाते हैं और तोड़फोड़ शुरू कर देते हैं।

**हिंसा पर मोदी...**
मोदी ने कहा कि आस्था के नाम पर किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, 'डॉ. बीआर अंबेडकर ने जो संविधान दिया है, उसमें हर स्थिति में न्याय पाने की हर प्रकार की व्यवस्था है। ऐसे में कानून हाथ में लेने वाले, हिंसा की राह पर दमन करने वाले, किसी भी व्यक्ति या समूह को न ये देश बर्दाश्त करेगा और न ही सरकार।' पीएम मोदी ने ये भी कहा कि मैंने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले की प्राचीर से कहा था आस्था के नाम पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिर चाहे वो सांप्रदायिक आस्था हो, राजनीति विचारधाराओं के प्रति आस्था हो, व्यक्ति के प्रति आस्था हो या फिर किसी परंपरा के प्रति आस्था हो। पीएम मोदी के इस बयान के बाद समझा जा रहा था कि उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर पंचकूला हिंसा घटना की आलोचना की। अब पीएमओ ने राजनीतिक आस्था के नाम पर गुंडागर्दी को केरल के संदर्भ में कहे जाने का दावा किया है।

**दो-चार रुपये के...**
में से एक ओणम केरल का एक प्रमुख त्योहार है। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों को ईद-उल-जुहा की भी बधाई दी। उन्होंने देश में गरीबों के उत्थान की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग स्वरोजगार कर रहे हैं वे धन्य हैं। उन्होंने देशवासियों से अपील की स्वरोजगार करने वालों से दो-चार रुपये का मोलभाव न करें।

**जनधन, आधार व...**
आधार के अकाउंट्स और फोन से जोड़े जाने का फायदा बताते हुए कहा, 'इससे गरीब फाइनेंशियल सर्विसेस का फायदा उठा सकेंगे और उन्हें जिंदगी में एकदम से सामने आने वाली परेशानियों से निपटने में आसानी होगी। क्योंकि उन पर सब्सिडी का ज्यादा बोझ नहीं रहेगा। मौजूदा वक्त में सरकार सालाना 35 करोड़ अकाउंट्स में 74 हजार करोड़ की धनराशि सीधे ट्रांसफर कर रही है। इसमें से एक महीने में छह हजार करोड़ ट्रांसफर होते हैं। पैसों का ये ट्रांसफर सरकार की स्कीम्स मसलन पहल, मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन और स्टूडेंट स्कॉलरशिप के तौर पर होता है। जेटली ने कहा, 'अभी तक 52.4 करोड़ आधार, 73.62 करोड़ अकाउंट्स से जोड़े जा चुके हैं। इसके चलते निचले तबके लोग भी इलेक्ट्रॉनिकली पेमेंट करने लगे हैं। जेटली ने कहा कि बीते 3 साल सालों में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 16 अगस्त 2017 तक 29.52 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। जनवरी, 2015 से अबतक जनधन खातों में 12.55 करोड़ का इजाफा हुआ है। जनवरी, 2015 से अगस्त 2017 तक 22.71 करोड़ रूपे कार्ड जारी किए गए। इसी समयावधि में जनधन के तहत 17.64 करोड़ ग्रामीण खाते खोले गए। 16 अगस्त, 2017 तक इन खातों में एवरेज बैलेंस 2,231 रुपये रहा। बता दें कि 27 अगस्त, 2014 को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की थी। इसमें गरीबों के बैंक अकाउंट्स खोले जाने थे।

**रैली का 'फर्जी' फोटो...**
वो गांधी मैदान आ सकते हैं। यहां पर 30 लाख लोग उनका इंतजार कर रहे हैं। इस पर भी लोगों ने फोटो को लेकर कमेंट करना शुरू कर दिए। कुछ यूजर्स तो आपस में भी भिड़ते नजर आए।

**तेजबहादुर का...**
शामिल हुआ था। किसी ने भी जवानों या अधिकारियों ने भोजन के बारे में शिकायत नहीं की। बीएसएफ डीजी ने कहा कि तबादले या तैनाती को लेकर मुद्दे हो सकते हैं। इसलिए तेज बहादुर का वीडियो आने के बाद मैं बेहद हैरान था। शर्मा ने बताया कि हमारे पास बलों में पहले से ही बेहद स्वस्थ प्रणालियां है। हम लोग अपने रसोईघरों में बनने वाले भोजन की लगातार जांच करते हैं। भोजन की कोई समस्या ही नहीं है। इसके बाद उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा कोई व्यक्ति कभी भी किसी दिन बीएसएफ की किसी भी सीमा चौकी पर जा सकता है और खाने को लेकर पूछ सकता है। बीएसएफ प्रमुख ने कहा, मैं गारंटी देता हूं कि आपको हर जगह अच्छा खाना मिलेगा। उन्होंने ये भी कहा कि हमारे यहां का खाना बिल्कुल घर के खाने जैसा होता है। गौरतलब है कि हाल में एक जांच के दौरान यादव के आरोपों को गलत पाये जाने के बाद उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने कहा, संभवतः आप जानते हों या आप इस बात से अनजान भी हो सकते हैं कि हमारे पड़ोसी ने 22 जगहों से इसे प्राप्त किया और इसे वायरल सोशल मीडिया पर कर दिया। उन्होंने कहा कि यह विचार सिर्फ बीएसएफ और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों को हतोत्साहित करने के लिये था।